

एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी–डैक)
इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार
ई –25, प्रथम और द्वितीय तल
हौज खास मार्केट, नई दिल्ली – 110 016
दूरभाष: +91 - 11 - 26510221
फैक्स: +91 - 11 – 26510207
ईमेल: icdcdac.in **www.cdac.in**

Date: 21.06.2017

निविदा दस्तावेज़

जॉर्ज टाउन, गुयाना में आईटी के उत्कृष्ट केंद्र के लिए पाठ्यक्रम सामग्री और संदर्भ पुस्तकों की आपूर्ति

निविदा सं..: साडाएसीडी/आईसीडी/ गुयाना /आईटी/17-18/04

बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2017 को 1730 बजे तक

तकनीकी बोली खोलने की तिथि: 17 जुलाई 2017 को 1100 बजे

निविदा दस्तावेज निम्न वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं:

www.cdac.in, www.mea.gov.in & www.eprocure.gov.in



विषय - सूची

विषय सूची 2

खंड I: ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए निर्देश..... 3

1. पंजीकरण..... 3
2. निविदा दस्तावेजो की खोज..... 3
3. बोली की तैयारी..... 3
4. बोली जमा करना..... 4
5. बोलीदाताओं की सहायता..... 4

खंड II: बोली हेतु आमंत्रण (IFB)..... 5

1. संपर्क जानकारी 5
2. महत्वपूर्ण तिथि शीट.....5
3. दो बोली प्रणाली..... 5
4. बोली पूर्व बैठक 6
5. बोली जमा करना और तकनीकी बोली खुलना: 6
6. वाणिज्यिक बोली खुलना. 7

खंड III: बोलीदाताओं के लिए निर्देश (आईटीबी) **.....** 8

1. कार्य का स्कोप/परियोजना की समयसीमा **.....** 8

2. आपूर्ति, स्थापना और वारंटी सेवा स्थल**.....** 8

3. आदेश स्थापन और भुगतान का निर्गमन **.....** 8

4. योग्य बोलीदाता **.....** **8**

5. निविदा दस्तावेजों में संशोध**.....** **8**

(क) **बोली की तैयारी .....** **9**

6. बयाना जमा राशि (ईएमडी) 9

7. बोलियों की वैध अवधि 9

(ख) बोली जमा करना.....10

8. बोली जमा करने की समय सीमा..... 10

9. विलंब से जमा की गयीं बोलियां..... 10

(ग) बोली खोलना और बोलियों के मूल्यांकन 10

10. बोली खोलना 10

(घ) अनुबंध सौंपा जाना 10

11. प्रस्तावों का मूल्यांकन और पुरस्कार मापदंड 10

12. क्रेता का काम के स्कोप में संशोधन करने का अधिकार 11

13. भ्रष्ट या धोखाधड़ी की क्रियाएँ 11

14. निविदा दस्तावेज/अनुबंध दस्तावेज खंडों की व्याख्या 11

खंड IV: अनुबंध की विशेष शर्तें (एससीसी) 12

1. कीमतें 12

2. कर और शुल्क:..... 12

3. भुगतान: 12

4. प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी)**: .....** 12

5. दस्तावेजों का परिवहन /प्रेषण..... 12

6. विलंब सेवाओं के लिए जुर्माना**.....** 12

7. क्षेत्राधिकार**.....** **13**

8. **अप्रत्याशित घटना**:..... 13

9. पंचाट: **13**

खंड V - आवश्यकताओं की अनुसूची (सामग्री का विपत्र)..... 14

अनुलग्नक— I.....*22*

अनुलग्नक— II.....23

अनुलग्नक— III.....25

अनुलग्नक— IV.....27

खंड I: ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए निर्देश

बोलीदाताओं के लिए वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र का उपयोग करते हुए सीपीपी पोर्टल पर अपनी बोली की सॉफ्ट कॉपी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करना आवश्यक हैं। नीचे दिए गए निर्देश सीपीपी पोर्टल पर पंजीकरण करने, आवश्यकताओं के अनुसार अपनी बोली को तैयार करने और सीपीपी पोर्टल पर अपनी बोली जमा करने हेतु बोलीदाताओं की सहायता के लिए हैं। सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए अधिक उपयोगी जानकारी निम्न प्रकार से प्राप्त की जा सकती है:

1. **पंजीकरण** :

(क) बोलीदाताओं के लिए आवश्यक है कि वे सीपीपी पोर्टल पर "ऑनलाइन बोलीदाता नामांकन" लिंक पर क्लिक करके केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल के ई-प्रोक्योरमेंट मॉड्यूल (यूआरएल :) पर नामांकन करें जो कि निःशुल्क है।

(ख) नामांकन प्रक्रिया के अंश के रूप में बोलीदाताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने एकमात्र उपयोगकर्ता नाम का चयन करें और अपने खाते के लिए एक पासवर्ड निर्धारित करें।

(ग) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अपने वैध ईमेल पते और मोबाइल नंबर को रजिस्टर करें। सीपीपी पोर्टल से किसी भी प्रकार के संचार के लिए इनका इस्तेमाल किया जाएगा।

(घ) नामांकन पर, बोलीदाताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे सीसीओ भारत के किसी भी मान्यता प्राप्क प्राधिकारी (जैसे- सिफी/एलकोड/ईमुद्रा आदि) द्वारा जारी अपना वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (श्रेणी II या श्रेणी III प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर कुंजी उपयोग के साथ) अपने प्रोफाइल के साथ पंजीकृत करें।

(ङ) एक बोलीदाता द्वारा केवल एक वैध डीएससी पंजीकृत होना चाहिए। कृपया नोट करें कि बोलीदाता यह सुनिश्चित करने के जिम्मेदार होंगे कि वे अपना डीएससी किसी दूसरे को उधार पर नहीं देंगे क्योंकि ऐसा करने पर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है।

(च) इसके उपरांत बोलीदाता अपने यूजर आईडी/पासवर्ड और डीएससी/ई-टोकन का पासवर्ड दर्ज करके सुरक्षित लॉग-इन के माध्यम से साइट पर लॉग करें ।

2. **निविदा दस्तावेज की खोज :**

(क) बोलीदाताओं की सुविधा के लिए कई मापदंडों द्वारा सक्रिय निविदाओं की खोज हेतु सीपीपी पोर्टल पर विभिन्न खोज विकल्प निर्मित किए गए हैं। इन मापदंडों में निविदा आईडी, संगठन का नाम, स्थान, तिथि, मूल्य, आदि शामिल हो सकते हैं। निविदाओं के उन्नत खोज के लिए भी एक विकल्प है जिसमें बोलीदाता कई मापदंडों जैसे, संगठन का नाम, अनुबंध का स्वरूप, स्थान, तिथि, अन्य खोजशब्दों आदि एकत्रित कर सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित निविदा की खोज कर सकते है।

(ख) एक बार बोलीदाता द्वारा अपनी पसंदीदा निविदा का चयन करने लेने पर वे अपेक्षित दस्तावेज/निविदा अनुसूची डाउनलोड कर सकते हैं। इन निविदाओं को अपनी-अपनी 'मेरी निविदाएं' फ़ोल्डर में ले जाया जा सकता है। इससे निविदा दस्तावेज के लिए जारी किसी भी शुद्धिपत्र के मामले में सीपीपी पोर्टल एसएमएस/ई-मेल के माध्यम से बोलीदाताओं को सूचित करने में सक्षम होगा ।

(ग) यदि बोलीदाता हेल्पडेस्क से किसी भी स्पष्टीकरण / सहायता प्राप्त करना चाहते हैं तो वे प्रत्येक निविदा के लिए निर्धारित की गयी एकमात्र निविदा आईडी का एक नोट बना लें।

3. **बोली की तैयारी :**

(क) बोलीदाता अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले निविदा दस्तावेज पर प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र को ध्यान में रखें।

(ख) बोली के अंश के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले अपेक्षित दस्तावेजों को समझने के लिए कृपया निविदा विज्ञापन और निविदा दस्तावेज पर अच्छी तरह ध्यान दें। प्रस्तुत की जाने वाले

आवश्यक दस्तावेजों के नाम और सामग्री सहित उन लिफाफों की संख्या को भी नोट करें जिनमें बोली प्रस्तुत की जानी है। इसमें किसी प्रकार का अतिक्रम होने पर बोली रद्द की जा सकती है।

(ग) बोलीदाता, निविदा दस्तावेज / अनुसूची में दिए गए संकेत के अनुसार प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज अग्रिम तौर पर तैयार करवाएं और आमतौर पर यह पीडीएफ/एक्सएलएस/आरएआर/डीडब्ल्यूएफ/जेपीजी फार्मेट में हों। बोली दस्तावेज काले सफेद विकल्प के साथ 100 डीपीआई में स्कैन किए जाने जो स्कैन दस्तावेज़ के आकार को कम करने में मदद करता है।

(घ) मानक दस्तावेजों के एक ही सेट को जिन्हें प्रत्येक बोली के अंश के रूप में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, अपलोड करने में समय और प्रयास से बचने के लिए बोलीदाताओं को ऐसे मानक दस्तावेज अपलोड करने के लिए एक प्रावधान (जैसे- पैन कार्ड की प्रतिलिपि, वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षक प्रमाण पत्र आदि) प्रदान किया गया है। इन दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए बोलीदाता उपलब्ध "माई स्पेस" या "अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज" क्षेत्रों का उपयोग कर सकते हैं। बोली प्रस्तुत करते समय इन दस्तावेजों को सीधे "माई स्पेस" क्षेत्र से प्रस्तुत किया जा सकता है और बार-बार अपलोड करना आवश्यक नहीं है। इससे बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक समय को कम करने में मदद मिलेगी।

4. **बोली जमा करना :**

(क) बोली जमा करने के लिए बोलीदाता साइट पर समय से पहले लॉग करें तांकि वे समय पर बोली अपलोड कर सकें यानि बोली जमा करने हेतु निर्धारित समय पर या उससे पहले। अन्य किसी भी मामलों के लिए हुई विलंबता के लिए बोलीदाता जिम्मेदार होगा।

(ख) जैसा कि निविदा दस्तावेज में संकेत दिया गया है बोलीदाता को डिजिटल हस्ताक्षर करने हैं और आवश्यक बोली दस्तावेज एक एक करके अपलोड करने हैं।

(ग) लागू निविदा शुल्क / ईएमडी भुगतान के लिए बोलीदाता को "ऑफ़लाइन" भुगतान विकल्प का चयन करना है और साधन का विवरण दर्ज करना है।

(घ) बोलीदाता निविदा दस्तावेज में निर्दृष्ट निर्देशों के अनुसार ईएमडी तैयार करवाएँ। मूल प्रति डाक/ कुरियर / संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निविदा दस्तावेज में दिए गए बोली जमा करने की अंतिम तारीख तक या निविदा दस्तावेजों में दिए गए निर्देशों के अनुसार भेजें। व्यक्तिगत तौर पर भेजे गए डीडी/ अन्य स्वीकार्य साधन के ब्यौरे का मिलान स्कैन की हुई कॉपी में उपलब्ध ब्यौरे और बोली प्रस्तुत करते समय दर्ज डेटा के साथ होना चाहिए। अन्यथा अपलोड बोली नामंजूर कर दी जाएगी।

(ङ) बोलीदाताओं से यह नोट करने का अनुरोध किया जाता है कि वे अनिवार्य रूप से वित्तीय बोली प्रदान किए गए प्रारूप में ही प्रस्तुत करें, कोई अन्य प्रारूप स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि निविदा दस्तावेज के साथ मानक बीओक्यू प्रारूप दिया गया है तो उसे डाउनलोड किया जाए और सभी निविदाकारों द्वारा इसे भरा जाए। बोलीदाता बीओक्यू फाइल डाउनलोड करें, इसे खोलें और सफेद रंग के प्रकोष्ठों को अपने वित्तीय उद्धरण और अन्य ब्यौरों (जैसे बोलीदाता का नाम) के साथ भरें। किसी अन्य प्रकोष्ठ में बदलाव नहीं किया जाना चाहिए। एक बार ब्यौरा संपूर्ण हो जाने पर निविदाकार इसे सुरक्षित करें औक फाइल का नाम बदले बिना इसे ऑनलाइन जमा करें। यदि यह पाया जाता है कि बोलीदाता द्वारा बीओक्यू फाइल में बदलाव किया गया है, बोली नामंजूर कर दी जाएगी।

(च) सर्वर समय (जो बोलीदाता के डैशबोर्ड पर प्रदर्शित है) बोलीदाताओं द्वारा बोली जमा करने की समय सीमा, बोली खुलने आदि से संबंधित मानक समय के रूप में समझा जाएगा। बोली जमा करने के दौरान बोलीदाता इस समय का अनुसरण करें।

(छ) डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज पीकेआई एन्क्रिप्शन तकनीक का उपयोग कर कूट लेखित किया जाएगा। बोली खुलने के समय तक दर्ज किए गए डेटा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा नहीं देखा जा सकेगा। सुरक्षित सॉकेट लेयर 128 बिट एन्क्रिप्शन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए बोली की गोपनीयता बरकरार रखी जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों के डेटा का भंडारण कूटलेखित किया जाता है। सर्वर पर अपलोड किया गया कोई भी दस्तावेज सिस्टम जेनेरेटेड सिमेट्रिक कुंजी का उपयोग कर सिमेट्रिक कूटलेखन के अधीन है। आगे खरीदारों/बोली खोलने वाली सार्वजनिक कुंजियों का उपयोग करते हुए यह कुंजी विषम कूटलेखन के अधीन है। कुल मिलाकर, अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज बोली खोलने वाले अधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा खोलने के बाद केवल पठनीय ही बने रहते हैं।

(ज) अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज बोली खोलने वाले अधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा खोलने के बाद केवल पठनीय ही बने रहते हैं।

(झ) बोलियों के सफल और समय पर प्रस्तुत करने पर (अर्थात "फ्रीज बिड सम्मीसन" पोर्टल में क्लिक करने के बाद) पोर्टल सफलता पूर्वक बोली प्रस्तुति का संदेश देगा और सभी अन्य प्रासंगिक विवरण के साथ बोली नंबर और तारीख और बोली जमा करने के समय के साथ बोली सारांश प्रदर्शित किया जाएगा।

(ञ) बोली सारांश को प्रिंट करें और उसे बोली जमा करने की पावती के रूप में रखें। इस पावती का इस्तेमाल किसी भी बोली खोलने की बैठकों में प्रवेश पत्र के रूप में किया जा सकता है।

5. **बोलीदाताओं की सहायता**

(क) निविदा दस्तावेज और इससे संबंधित नियम एवं शर्तों की किसी भी जानकारी के लिए निविदा के लिए निविदा आमंत्रण प्राधिकारी या निविदा में निहित संपर्क व्यक्ति को संबंधित किया जाना चाहिए।

(ख) ऑनलाइन बोली जमा करने की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी जानकारी या सीपीपी पोर्टल से संबंधित सामान्य प्रश्न 24x7 सीपीपी पोर्टल हेल्पडेस्क को भेजे जा सकतें है।

खंड I का समापन

खंड II: बोली हेतु आमंत्रण (IFB)

एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) विदेश मंत्रालय की ओर से जॉर्ज टाउन, गुयाना में आईटी (सीईआईटी) के उत्कृष्ट केंद्र के लिए **पाठ्यक्रम सामग्री और संदर्भ पुस्तकों की आपूर्ति हेतु** एकल चरण दो बोली प्रणाली के आधार पर ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित करता हैं। कृपया ध्यान दें कि प्रत्यक्ष बोलियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1. संपर्क जानकारी

निदेशक
एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक)
ई -25, प्रथम और द्वितीय तल, हौज खास मार्केट
नई दिल्ली -110 016, भारत
दूरभाष सं.: + 91-11-26510221
फैक्स सं.: + 91-11-26510207
ई-मेल: icd@cdac.in

2. महत्वपूर्ण तिथि शीट

नीचे दिए गए महत्वपूर्ण तिथि शीट के अनुसार निविदा दस्तावेजwww.mea.gov.in और www.cdac.in से (केवल संदर्भ के लिए) और http://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं:

प्रकाशित तिथि	21.06.2017 (1000 बजे)
बोली दस्तावेज़ डाउनलोड / बिक्री प्रारंभ तिथि	21.06.2017 (1000 बजे)
ऑनलाइन स्पष्टीकरण प्रारंभ तिथि	21.06.2017 (1000 बजे)
ऑनलाइन स्पष्टीकरण समापन तिथि	27.06.2017 (1000 बजे)
बोली पूर्व बैठक	27.06.2017 (1400 बजे)
बोली प्रस्तुत प्रारंभ तिथि	21.06.2017 (1000 बजे)
बोली प्रस्तुत समापन तिथि	15.07.2017 (1730 बजे)
तकनीकी बोली खोलने की तिथि	17.07.2017 (1100 बजे)

3. दो बोली प्रणाली

इस ई-निविदा में दो बोली प्रणाली का अनुसरण किया जाएगा। इस प्रणाली में, बोलीदाता अपना प्रस्ताव ऑनलाइन दो भागों में प्रस्तुत करेंगे, जैसे- तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली।
ई-निविदा के अतिरिक्त तार/फैक्स/ई-मेल/दस्ती या किसी अन्य विधि के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

- **भाग 1** : "तकनीकी बोली" निम्नलिखित दस्तावेजों के रूप में अपलोड की जाए:

(क) निविदा शुल्क के रूप में ' एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र के पक्ष में नई दिल्ली में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक पर तैयार 2000/- रुपए का डिमांड ड्राफ्ट(गैर वापसी योग्य) की प्रतिलिपि।

बोली प्रस्तुत करने हेतु महत्वपूर्ण तिथि शीट में उल्लेखित तिथि/समय पर या उससे पहले विदेश मंत्रालय के उपर्युक्त पते पर निविदा शुल्क के साधन की मूल प्रति पहुँच जानी चाहिए। निविदा शुल्क के रूप में प्रस्तुत डिमांड ड्राफ्ट गैर वापसी योग्य होगा।

जैसा कि पैरा 6 (धारा iii) में उल्लेख किया है बयाना राशि के रूप में ' एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र के पक्ष में नई दिल्ली में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक पर तैयार 15,000/- रुपए (केवल पंद्रह हजार रुपए) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंक गारंटी(गैर वापसी योग्य) की प्रतिलिपि।

बोली प्रस्तुत करने हेतु महत्वपूर्ण तिथि शीट में उल्लेखित तिथि/समय पर या उससे पहले अनुभाग अधिकारी(डीपी), विदेश मंत्रालय के उपर्युक्त पते पर बयाना राशि के साधन की मूल प्रति पहुँच जानी चाहिए। **बयाना राशि और निविदा शुल्क के भुगतान के साधन की मूल प्रति जमा न करने पर वोली नामंजूर कर दी जाएंगी। निविदा शुल्क के रूप में प्रस्तुत डिमांड ड्राफ्ट गैर वापसी योग्य होगा।**

(ख)तकनीकी बोली विधिवत रुप से भर कर उचित मुहर और प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत करें। बोली पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति फर्म/कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि होना चाहिए जिसके हस्ताक्षर सत्यापित किए जा सकें और प्राधिकार के प्रमाण पत्र को स्कैन किया जाए और अनुबंध- । में दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत किया जाए। शक्ति या प्राधिकार या कोई अन्य दस्तावेज़ जो हस्ताक्षरकर्ता की फर्म / कंपनी के प्रति बाध्यता की क्षमता के पर्याप्त सबूत प्रदान करता हो, उसे स्कैन करें और बोली के अनुलग्नक में संलग्न करें।

(ग) 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष तक विगत पाँच वर्षों में बोलीदाता द्वारा निष्पादित किए गए समान प्रकृति के कार्यों के आपूर्ति आदेश/अनुबंध/करार की प्रतिलिपि। बोलीदाता को अंतिम उपयोगकर्ता द्वारा कार्य पूरा करने संबंधी विधिवत जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बोलीदाता द्वारा समान प्रकृति का कम से कम एक काम पूरा किया जाना चाहिए जिसकी लागत 6 लाख रुपए से कम न हो या कम से कम 3.50 लाख रुपए के दो काम या प्रति काम 3 लाख रुपए के हिसाब से तीन काम संपादित किये जाने चाहिए। समान कार्य का अर्थ है भारत / विदेश में पाठ्यक्रम सामग्री और संदर्भ पुस्तकों की आपूर्ति।

बोलीदाता को विगत अनुभव का समर्थित दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं, जैसे, अंतिम उपयोगकर्ता के अनुबंध ब्यौरे के साथ खरीद आदेश और कार्य पूरा किए जाने संबंधी विधिवत नोटरीकृत रिपोर्ट की प्रतिलिपि। आवश्यक समझे जाने पर ये दस्तावेज आगे ग्राहक द्वारा सत्यापित कराए जा सकते हैं। कोई भी गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर ईएमडी जब्त कर दी जाएगी।

(घ) लागू वैट/सीएसटी, सेवा कर नंबर, पैन/पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि अपलोड करें।

(ङ) लेखा परीक्षक/सीए/सीएस द्वारा फर्म के कारोबार का संकेत देते हुए प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि अपलोड की जाए। **31 मार्च, 2017** को समाप्त वित्तीय वर्ष तक विगत **तीन वर्षों में** बोलीदाता का कम से कम **10 लाख रुपए** का कुल औसत कारोबार होना चाहिए।

(च) फर्म के पंजीकरण/साझेदारी डीड/एसोसिएशन या स्वामित्व डीड के ज्ञापन की शर्तें, निगमन प्रमाणपत्र संबंधी सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपि अपलोड करें।

(छ) **अनुलग्नक II** में दिए गए प्रारूप के अनुसार बोली फॉर्म को बोलीदाता द्वारा तकनीकी बोली के साथ अपलोड करना होगा।

(ज) **Tech_Comp_Doc.pdf** के प्ररूप में तकनीकी अनुपालन दस्तावेज़ विस्तृत तकनीकी विनिर्देश, शीर्षक, लेखक, प्रकाशक, संस्करण आदि के साथ तकनीकी बोली में अपलोड की जाए, ऐसा न करने पर बोली नामंजूर कर दी जाएगी।

(झ) अनुलग्नक **V** में दिए गए प्रारूप के अनुसार चेकलिस्ट की हस्ताक्षरित और स्कैन की गई प्रतिलिपि तकनीकी बोली के साथ अपलोड की जानी चाहिए।

(ञ) अन्य संबंधित दस्तावेज जिनका उल्लेख निविदा दस्तावेज में किया गया है पर यहाँ सूचीबद्ध नहीं है की हस्ताक्षरित और स्कैन की हुई कॉपी।

भाग 2 : "वाणिज्यिक बोली" निम्नलिखित दस्तावेजों के रूप में अपलोड की जाए :

(क) मूल्य अनुसूची केवल **BOQ_XXXX.xls** रूप में ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(ख) जहाँ **BOQ) 000C.xls** में उल्लेख हो कीमतों का उल्लेख संख्या के साथ-साथ शब्दों में किया जाना चाहिए। बोलीदाता संख्या में दर्ज की गयी कीमत और उसके स्थान पर शब्दों में दर्ज आंकड़ों का दोबारा ध्यान पूर्वक जांच कर लें।

4. **बोली पूर्व बैठक**

महत्वपूर्ण तिथि शीट में उल्लेख अनुसूची के अनुसार बोली पूर्व बैठक आयोजित की जाएगी:

सी-डैक

एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक)

ई -25, प्रथम और द्वितीय तल, हौज खास मार्केट

नई दिल्ली -110 016, भारत

प्रति बोलीदाता से अधिकतम दो प्रतिभागियों को बैठक में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

नोट :प्रश्न/सुझाव की एक प्रति बोली पूर्व बैठक के दिन/से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए और प्रश्नों के जवाब/संशोधन (यदि हो तो) सीपीपी पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

बोली पूर्व बैठक के उपरांत किसी भी प्रश्न/सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. **बोली जमा करना और तकनाकी बोली खोलना:**

उपर्युक्त महत्वपूर्ण तिथि शीट में दी गयी अनुसूची में किए गए उल्लेख के अनुसार बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि होगी।

उपर्युक्त महत्वपूर्ण तिथि शीट में दी गयी अनुसूची के अनुसार ऑनलाइन तकनीकी बोलियाँ खोली जाएंगी।

एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक)

ई -25, प्रथम और द्वितीय तल, हौज खास मार्केट

नई दिल्ली –110 016, भारत

बोली केवल सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। यदि चाहें तो, बोलीदाता के अधिकतम दो प्राधिकृत प्रतिनिध बोली खोलते समय उपस्थित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण तिथि शीट में दी गयी अनुसूची के अनुसार बोलियां निर्धारित तिथि/समय पर ऑनलाइन खोली जाएंगी।

तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन पात्र बोलीदाताओं को लघु सूचीबद्ध करने के लिए किया जाएगा। आगे की प्रक्रिया के लिए केवल लघु सूचीबद्ध बोलीदाताओं की तकनीकी बोलियों पर विचार किया जाएगा, यानि तकनीकी मूल्यांकन।

बोलीदाता, जिनकी तकनीकी बोली स्वीकार योग्य पायी जाएगी और निविदा में विनिर्दिष्ट पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करती हों, केवल उन्हें ही वाणिज्यिक बोली खोलने की तारीख और समय के बारे में सूचित किया जाएगा।

6. **वाणिज्यिक बोली खोलना**

केवल तकनीकी मूल्यांक के उपरांत लघु सूचीबद्ध किए गए बोलीदाताओं की वाणिज्यिक बोलियां ही बोलीदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में (अधकतम दो), यदि वे भाग लेना चाहें तों, ऑनलाइन खोली जाएंगी, समय, स्थान और तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

बोलीदाताओं के अधिकृत प्रतिनिधि, जो बोली खोलते समय उपस्थित रहेंगे, उन्हें ऑनलाइन वाणिज्यिक बोली खोलने के दौरान उपस्थित रहने के सबूत के तौर उपस्थिति शीट पर हस्ताक्षर करने होंगे।

जैसा सी–डैक द्वारा उचित माना जाएगा बोलीदाता का नाम, बोली मूल्य, छूट और इस तरह के अन्य विवरणों की घोषणा बोली खोलने को दौरान की जाएगी।

नोट: ऑनलाइन वाणिज्यिक बोली खोलने के लिए केवल तकनीकी तौर पर ऑनलाइन प्रतिस्पर्धी स्वीकृत बोलियों पर ही विचार किया जाएगा।

खंड ।। का समापन

खंड III: बोलीदाताओं के लिए निर्देश (आईटीबी)

1. कार्य का स्कोप/ परियोजना की समय सीमा

बोलीदाता द्वारा जॉर्ज टाउन, गुयाना में आईटी (सीईआईटी) के **उत्कृष्ट केंद्र के लिए पाठ्यक्रम सामग्री और संदर्भ पुस्तकों की आपूर्ति** की जानी है। विदेश मंत्रालय द्वारा आपूर्ति आदेश जारी किए जाने की तारीख से 150 दिनों के भीतर सुपुर्दगी और साइट (साइटों) पर संस्थापन का कार्य पूरा किया जाना चाहिए। **सी-डैक** से आपूर्ति आदेश प्राप्त होने से 150 दिनों के भीतर भारत/तीसरे देश से शिपमेंट समुद्री/ हवाई /सड़क मार्ग के द्वारा किया जाना आवश्यक है। इसके बाद, बोलीदाता द्वारा शेष 90 दिनों के भीतर स्थल पर सुपुर्दगी और संस्थापन पूरा किया जाना चाहिए जिसमें कस्टम क्लीयरेंस और साइट के लिए स्थानीय परिवहन शामिल हैं। बोलीदाता, जो इस बोली अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, के लिए यह अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इस अनुबंध का सार समय है और उपलब्ध समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के लिए **सी-डैक** की योजना से दृढ़ता पूर्वक जुड़ा हुआ है।

2. आपूर्ति, संस्थापन और वारंटी सेवा स्थल

इस दस्तावेज़ में दिए गए ब्यौरे के अनुसार सामग्री की आपूर्ति और संस्थापन जार्ज टाउन, गुयाना में किया जाना हैं। आपूर्ति, संस्थापना, प्रवर्तन और साइट पर वारंटी सहायता प्रदान करने हेतु साइट के परेषिती और फर्म के पते का ब्यौरा आपूर्ति आदेश में सूचित किया जाएगा।

3. आदेश स्थापन और भुगतान का निर्गमन

एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक)
ई -25, प्रथम और द्वितीय तल, हौज खास मार्केट
नई दिल्ली -110 016, भारत

4. योग्य बोलीदाता

4.1 भारत में / विदेशों में तक्नीकी क्तिाबें और संदर्भ पुस्तकों को बेचने के व्यवसाय में बोलीदाता भारत में एक सक्षम कंपनी होना चाहिए। निविदादाता इस निविदा जारी करने की तारीख से कम से कम पिछले 5 (पांच) वर्ष पूर्व के लिए समान व्यवसाय में होना चाहिए।

4.2 बोलीदाता द्वारा समान प्रकृति का कम से कम एक काम पूरा किया जाना चाहिए जिसकी लागत 6 लाख रुपए से कम न हो या कम से कम 3.5 लाख रुपए के दो काम या प्रति काम 3 लाख रुपए के हिसाब से तीन काम संपादित किये जाने चाहिए। समान कार्य का अर्थ है एक भी परियोजना के अंतर्गत भारत/विदेश में टर्नकी आधार पर इस निविदा दस्तावेज में उल्लेखित अधिकांश मदों की आपूर्ति, संस्थापन, एकीकरण और साइट पर सहायता प्रदान करना है।

बोलीदाता को विगत अनुभव के समर्थित दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं, जैसे, अंतिम उपयोगकर्ता के अनुबंध ब्यौरे के साथ खरीद आदेश और कार्य पूरा किए जाने संबंधी विधिवत नोटरीकृत रिपोर्ट की प्रतिलिपि। आवश्यक समझे जाने पर ये दस्तावेज आगे ग्राहक द्वारा सत्यापित कराए जा सकते हैं। कोई भी गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर ईएमडी जब्त कर दी जाएगी।

4.3 **31 मार्च, 2017** को समाप्त वित्तीय वर्ष तक विगत तीन व्रषों में बोलीदाता का कम से कम **10 लाख रुपए** का कुल औसत कारोबार होना चाहिए।

4.4 बोलीदाता का पंजीकरण भारत सरकार के बिक्री कर/आयकर विभागों में होना चहिए और बोली जमा करने की तारीख को उसके पास वैध जीएसटी /वैट / सीएसटी / सेवा कर / पैन नंबर / पंजीकरण होना चाहिए।

4.5 बोलीदाता किसी भी भ्रष्ट और धोखाधड़ी कार्यों के लिए अयोग्य घोषणा के अधीन नहीं होना चाहिए।

नोट: **सी-डैक** कारण बताए बगैर किसी भी बोलीदाता को कार्य आदेश देने/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. निविदा दस्तावेज में संशोधन

5.1 बोली जमा करने के लिए तय समय सीमा से पहले किसी भी समय **सी-डैक**, किसी भी कारणवश, चाहे अपनी स्वयं की पहल पर या संभावित बोलीदाता द्वारा किए गए स्पष्टीकरण के अनुरोध के जवाब में, बोली दस्तावेज में संशोधन कर सकता है।

5.2 संशोधन की अधिसूचना सभी संभावित बोलीदाताओं को लिखित में दी जाएगी जिन्होंने बोली दस्तावेज की खरीद की है और ऐसे संशोधन/आशोधन उनके लिए बाध्यकारी होंगे।

5.3 बोली अवधि के दौरान किए गए किसी भी प्रकार का संशोधन किए जाने पर संशोधन को ध्यान में रखते हुए संभावित बोलीदाताओं को अपनी बोली की तैयारी करने हेतु समय प्रदान के लिए **सी-डैक** अपने विवेकाधिकार पर बोली जमा करने की समयसीमा बढ़ा सकता है।

5.4 बोलीदाता किसी भी शुद्धिपत्र/बदलाव के लिए उपर्युक्त वेबसाइटों पर नजर बनाए रखें। इस संबंध में समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। किसी बोलीदाता वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी प्राप्त करने से चूक जाता है और उसकी बोली खारिज कर दी जाती है तो इस मामले में किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

क. बोली की तैयारी

बोलियाँ सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाईन ही जमा करें:

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-प्रोक्योरमेंट के केंद्रीय लोक प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ई-प्रस्तुति के लिए वे उपर्युक्त खंड-। में दिए गए निर्देशों का अनुसरण करें।

बोली दस्तावेज काले और सफेद विकल्प के साथ 100 डीपीआई के साथ स्कैन करें जो स्कैन दस्तावेज़ के आकार को कम करने में मदद करता है।

बोलीदाता, जिन्होंने निविदा सी-डैक, विदेश मंत्रालय की वेबसाइट और केंद्रीय लोक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (CPPP) से डाउनलोड की है वे डाउनलोड की गयी वाणिज्यिक बोली टेम्पलेट सहित निविदा प्रपत्र में किसी भी तरीके की छेड़छाड़/संशोधन नहीं करेगा। यदि इसमें किसी भी तरीके की छेड़छाड़/संशोधन पाया जाता है बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा और ईएमडी जब्त कर ली जाएगी बोलीदाता पर उपयुक्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बोलीदाता को जहां तक संभव हो बोली दस्तावेज में किसी सुधार, अधिलेखन, विलोपन या अनुलेखन से बचे रहना चाहिए। हालांकि, यदि बोली में किसी भी प्रकार के सुधार, हेर-फेर, परिवर्तन, विलोपन, संशोधन और/या संयोजन किया जाता है तो बोली पर हस्ताक्षर करने वाले उसी प्रधिकृत व्यक्ति द्वारा उस पर तारीख के साथ हस्ताक्षर किया जाना चाहिए।

6. बयाना जमा राशि(ईएमडी)

6.1 बोली के साथ बयाना राशि के रूप में **एडवांस्ड कम्प्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक)** के पक्ष में नई दिल्ली में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक पर तैयार **15,000**/- रुपए (**केवल पंद्रह हजार रुपए**) का डिमांड ड्राफ्ट या अनुलग्नक **III** में प्रदान प्रारूप के अनुसार किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से 225 दिनों के लिए मान्य बैंक गारंटी (बीजी) संलग्न होनी चाहिए।

ईएमडी के बगैर प्रस्तुत की गयी बोलियां नामंजूर कर दी जाएंगी। डीडी या बैंक गारंटी को छोड़कर ईएमडी नकद/चैक/एफडीआर जैसे अन्य किन्हीं भी रूपों में स्वीकार नहीं की जाएगी। ईएमडी पर किसी प्रकार के ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

एनएसआईसी / एमएसएमई के साथ पंजीकृत बोलीदाता ईएमडी जमा करने से छूट का दावा कर सकते हैं। इस मामले में बोलीदाता को तकनीकी बोली के साथ वैध एनएसआईसी / एमएसएमई पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए। प्रमाण पत्र विशेष रूप से भारत / विदेश में पुस्तकों की आपूर्ति के लिए लागू होना चाहिए।

6.2 जिन बोलीदाताओं की बोलियां सी-डैक द्वारा स्वीकार नहीं की जाएंगी उनकी ईएमडी वाणिज्यिक बोली खोलने के 30 दिनों के भीतर लौटा दी जाएंगी। ऐसे बोलीदाता(बोलीदाताओं) के मामले में जिनका प्रस्ताव स्वीकर कर लिया गया हो, उनकी ईएमडी प्रदर्शन बैंक गारंटी जमा करने के उपरांत लौटा दी जाएगी(खंड IV की धारा 8 में देखें)। हालांकि, ईएमडी की वापसी यदि किसी भी कारणवश देरी हो रही हो तो बोलीदाता को किसी प्रकार का कोई ब्याज/दंड बोली देय नहीं होगा।

6.3 सफल बोलीदाता अनुबंध/आदेश सौंपे जाने पर अनुबंध/आदेश की स्वीकृति अनुबंध/आदेश सौंपे जाने के 7 दिनों के भीतर लिखित में देंगे वर्ना ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।

6.4 ईएमडी जब्त कर ली जाएगी यदि:

6.4.1 यदि बोलीदाता निविदा में निर्दिष्ट बोली की वैधता की अवधि के दौरान बोली वापस ले लेता है।

6.4.2 यदि सफल बोलीदाता प्रदर्शन वारंटी के एवज में प्रदर्शन बैंक गारंटी देने में विफल रहता है(खंड IV की धारा 9 में देखें)

6.4.3 अनुबंध/आदेश सौंपे जाने के 7 दिनों के अंदर बोलीदाता अपनी स्वीकृति लिखित में देने में विफल होता है

6.4.4 यदि बोलीदाता सामग्री की आपूर्ति करने में विफल होता है।

7. बोली की बैध अवधि

7.1 प्रस्तुत करने की तारीख से कम से कम 180 दिनों के लिए बोलियां वैध रहेंगी। इससे छोटी अवधि के लिए वैध बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

7.2 वैध अवधि बढ़ाने के लिए **सी-डैक** बोलीदाताओं की राय मांग सकता है। ऐसा अनुरोध और जवाब सिर्फ लिखित में ही होना चाहिए। बोली लगाने ईएमडी जब्त किए बिना इस तरह के अनुरोध को स्वीकार न करने के लिए मुक्त है। बोलीदाता के अवधि की बढ़ोतरी के अनुरोध से सहमत होने पर उसे अपनी बोली में संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

ख. बोली जमा करना

ऑनलाइन बोली साफ सादी और सुगम हो। बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर होने चाहिए। मुद्रित या अन्य किसी तरह से वे कोई नियम और शर्त समाहित न करें जो बोली में लागू न हो। सशर्त बोली सरसरी तौर पर खारिज कर दी जाएगी। जब तक बोलीदाता के हस्ताक्षर से इसकी पुष्टि न हो सम्मिलन, अनुलेखन, परिवर्धन और परिवर्तन मान्य नहीं होंगे।

8. बोली जमा करने की समय सीमा

8.1 जैसा कि महत्वपूर्ण तिथि शीट में निर्दिष्ट किया गया है बोलियां निर्धारित तिथि और समय पर ऑनलाईन जमा करें।

8.2 बोली दस्तावेज में संशोदन कर सी-डैक इस समय सीमा में वृद्धि कर सकता है और यह केवल वेबसाइट पर ही अधिसूचित किया जाएगा।

9. विलंब से जमा की गयीं बोलियां

बोली जमा करने हेतु तय समयसीमा के बाद ऑनलाइन बोली जमा करना संभव नहीं है।

ग. **बोली खोलना और बोलियों के मूल्यांकन**

10. **बोली खोलना**

10.1 योग्य बोलीदाताओं की लघु सूचीबद्धता के लिए तकनीकी बोली का मूल्यांकन किया जाएगा। केवल योग्य बोलीदाताओं की तकनीकी बोलियों पर आगामी प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा(तकनीकी मूल्यांकन)

10.2 जिन बोलीदाताओं की तकनीकी बोली इस निविदा में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वीकार योग्य पायी जाएंगी और पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करेंगी उन्हें वाणिद्यिक बोली खोलने की तिथि और समय की सूचना दी जाएगी।

10.3 सी-डैक केवल तकनीकी रूप से तैयार लघु सूचीबद्ध वाणिज्यिक बोलियां खोलेगा और समय और तारीख की जानकारी बाद में दी जाएगी।

घ .अनुबंध सौंपा जाना

11. प्रस्तावों का मूल्यांकन और पुरस्कार मापदंड

11.1 बोलीदाता खंड V की --आवश्यकता की अनुसूची तहत वर्णित सभी वस्तुओं के लिए बोली उद्धृत करें। सबसे कम कीमत का मानदंड सभी मदों को एक साथ सम्मिलित कर कुल समग्र राशि (सभी को शामिल करते हुए) के आधार पर प्रयुक्त किया जाएगा।

11.2 प्रस्ताव के प्रारंभिक जांच का निर्धारण इस आधार पर किया जाएगा कि क्या वे संपूर्ण हैं, क्या आवश्यक प्रक्रिया शुल्क (निविदा शुल्क) और बोली सुरक्षा (ईएमडी) जमा की गयी है, क्या अपलोड किए गए सभी दस्तावेज ठीक तरह से हस्ताक्षरित हैं और क्या बोली साधारण रूप से क्रम में है। प्रस्ताव प्रारंभिक आवश्यकताओं के अनुरूप न होने पर प्रथम दृष्टया में खारिज कर दिया जाएगा।

11.3 जो बोलियां इस निविदा दस्तावेज के खंड III धारा 4 के तहत उल्लेखित सभी पात्रता आवश्यकताओं का अनुपालन करती हों और Tech_Comp_Doc.docx में उल्लेख विनिर्देशों और सूचीबद्ध आवश्यकताओं को पूरा करती हों वास्तव में वे ही क्रियाशील बोली मानी जाएंगी। बोलियों की क्रियाशीलता बोली में निहित सामग्री के आधार पर निर्धारित की जाएगी और न कि बाह्य सबूतों के आधार पर।

11.4 सी-डैक, यदि आवश्यक हो, प्रस्तावित व्याख्या के लिए बोलीदाता से प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करने की पेशकश कर सकता है। यदि बोलीदाता नियत तारीख और स्थान पर प्रेसेन्टेशन की व्यवस्था करने में विफल रहता है तो इसका परिणाम तकनीकी बोली की नामंजूरी हो सकता है और ऐसे बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां खोली नहीं जाएंगी। और, यदि प्रेसेन्टेशन के उपरांत यह पाया जाता है कि प्रस्तावित व्याख्या निर्धारित विनिर्देशों को बोलीदाताओं द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा है तो सरसरी तौर पर इसे अक्रियाशीशील माना जाएगा। इस संबंध में सी-डैक का निर्णय अंतिम होगा। प्रेसेन्टेशन का स्थान बोलीदाताओं को उचित तारीख को सूचित किया जाएगा।

11.5 वाणिज्यिक बोली क्वल उन बोलीदाताओं की खोली जाएंगी जो वास्तव में जिम्मेदार पाए जाएंगे और व्यावसायिक रूप से सबसे कम बोलीदाता के कार्य सौंपा जाएगा।

11.6 बोलीदाता अपनी दरें केवल **BOQ_XXXX.xls** रूप में उद्धृत करें। उपलब्ध कराए गए प्रारूप या बोली दस्तावेज में दिए गए किसी अन्य रूप के अलावा प्रस्तुत वाणिज्यिक बोली/कीमतें/दरें उद्धृत किए जाने पर विदेश मंत्रालय द्वारा बोली खारिज कर दी जाएगी।

11.7 अंकों में उद्धृत की गयीं दरें **BOQ_)000(.xls.** में स्वतः ही शब्दों में परिवर्तित हो जाएंगी। बोलीदाता संख्या में दर्ज की गयी कीमत और उसके स्थान पर शब्दों में दर्ज आंकड़ों का दोबारा ध्यान पूर्वक जांच कर लें। शब्दों और अंकों के बीच विसंगति के मामले में, शब्दों में उद्धृत दरें अंतिम मानी जाएगी। सही

राशि की गणना यूनिट मूल्य का मात्रा के साथ गुणा करके की जाएगी और किसी विसंगति के मामले में, सुधारी गयी राशि पर विचार किया जाएगा और सभी सुधारी गयी राशि का कुल योग बोलीदाता की उद्धृत राशि होगी।

11.8 बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत आपूर्ति आदेश / अनुबंध / करार /अनुभव प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि में अगर मुद्रा भारतीय रुपए के अलावा अन्य कोई है तो तकनीकी/वाणिज्यिक बोली जमा करने की अंतिम तारीख को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित विनिमय दर का उपयोग करते हुए कार्य की लागत भारतीय रुपए में निर्धारित की जाएगी और तदनुसार बोलीदाता की पात्रता निर्धारित की जाएगी।

11.9 यदि एक से अधिक बोलीदाता समान दर उद्धृत करते हैं तो विदेश मंत्रालय आदेश को विभाजित करने और एक से अधिक बोलीदाता को अनुबेध सौपने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसे मामले में विभाजन बोलीदाता द्वारा उद्धृत मदवार सबसे कम कीमत के आधार पर किया जाएगा।

12. क्रेता का काम के स्कोप में संशोधन करने का अधिकार

12.1 यदि किन्ही अपरिहार्य कारणवश, सी-डैक को आपूर्ति के स्कोप में परिवर्तन करना पजडता है तो बोलीदाता को उद्धृत की गयी यूनिट की कीमतों में बदलाव किए बिना इस परिवर्तन को स्वीकार करना होगा।

12.2 सी-डैक को कारण बताए बगैर एक/सभी बोलियों को नामंजूर करने या निविदा रद्द करने का अधिकार होगा।

12.3 सभी बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत बोलियों में मामूली अंतर पाया जाता है तो
सी-डैक सभी बोलीदाताओं के लिए मामले में एक बराबर छूट प्रदान करने का अधिकार रखता है।

13. भ्रष्ट या धोखाधड़ी की क्रियाएँ

13.1यह उम्मीद की जाती है कि है कि इस परियोजना में बोली लगाने के इच्छुक बोलीदाता उच्चतम नैतिक स्तर रखते है।

13.2सी-डैक द्वारा बोली नामंजूर कर दी जाएगी अगर यह निर्धारित किया जाता है कि जिस बोलीदाता को कार्य सौंपा गया है वह इस अनुबंध की प्रतिस्पर्धा के दौरान भ्रष्ट या धोखाधड़ी के कार्यों में लिप्त है;

13.3सी-डैक किसी भी विक्रेता को अनिश्चित काल के लिए या कुछ अवधि के लिए अनुबंध सौंपने हेतु अयोग्य घोषित कर सकता है अगर किसी भी समय यह निर्धारित किया जाता है कि विक्रेता अनुबंध निष्पादन के दौरान भ्रष्ट या धोखाधड़ी के कार्यों में लिप्त है।

14. निविदा दस्तावेज/अनुबंध दस्तावेज खंडों की व्याख्या

14.1इस निविदा दस्तावेज के किसी भी खंड की व्याख्या में कोई अस्पष्टता/विवाद के मामले में महानिदेशक, सी-डैक द्वारा की गयी खंड की व्याख्या अंतिम होगी और सभी दलों के लिए बाध्यकारी होगी;

खंड ।।। का समापन

खंड IV: अनुबंध की विशेष शर्तें (एससीसी)

1. कीमतें

1.1 उद्धृत कीमतें स्थिर होनी चाहिए और कीमत में किसी प्रकार की वृद्धि करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

1.2 बोलीदाता केवल भारतीय रुपए में ही कमतें उद्धृत करें और केवल **BOQ)000C.xls** प्रारुप के अनुसार।

1.3 उद्धृत कीमतों में गंतव्य तक का भाड़ा, बीमा, पैकिंग और लागू करों का समावेशन होना चाहिए। पैकिंग परिवहन योग्य होनी चाहिए तांकि इस दस्तावेज में दिए गए संकेत के अनुसार अंतिम गंतव्य तक उनके पारगमन के दौरान माल के नुकसान होने या माल खराब होने से रोका जा सके।पैकिंग में परिगमन के दौराम समान को पर्याप्त, असीमित, बेढंगे रखरखाव वहन करने की क्षमता हो और जो पारगमन के दौरान अत्यधिक तापमान, लवण और वर्षा और खुले भंडारण के संपर्क को भी वहन कर सके। जहां आवश्यक हो पैकिंग के आकार और वजन, सामान के दूरगामी अंतिम गंतव्य और पारगमन के सभी बिंदु पर भारी हैंडलिंग सुविधाओं के अभाव होने पर भी विचार किया जाएगा। हालांकि माल का जोखिम तबतक आपूर्तिकार पर रहेगा जबतक माल अच्छी हालत में सुपुर्द नहीं कर दिया जाता और अंतिम उपयोगकर्ता की साइट पर सी-डैक, अंतिम उपयोगकर्ता और भारतीय मिशन, गुयाना द्वारा विधिवत प्रमाणन पर संस्थापित नहीं कर दिया जाता।

2. कर और शुल्क

2.1 सीमा शुल्क को छोड़कर मूल कीमत और सभी लागू कर और/या शुल्क उद्धृत किया जाए। सामग्री यदि गुयाना में भारत / तीसरे देश से आयात किए जाने पर इसे सीमा शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी। सफल बोलीदाता के निवेदन पर गुयाना सरकार/अंतिम उपभोक्ता आवश्यक कस्टम शुल्क छूट प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे लेकिन कस्टम क्लीयरेंस प्राप्त करने की जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी। विदेश मंत्रालय द्वारा कोई रियायत कर प्रपत्र (सी/डी) नहीं दिया जाएगा।

2.2 बोलीदाता गुयाना में सीमा शुल्क औपचारिकताओं के बाद भेजा गया माल छुड़ाने की व्यवस्था करेंगे और अंतिम उपभोक्ता की साइट पर माल सुपुर्द करने की व्यवस्था करेंगे। जब तक अंतिम उपयोगकर्ता साइट (साइटों) पर व्यक्ति को सुपुर्द नहीं कर दिया जाता, लागत और माल का जोखिम बोलीदाता पर रहेगी।

3. भुगतान :

- सी-डैक आपूर्तिकर्ता को भारत / तीसरे देश से सभी पुस्तकों के प्रेषण पर और विदेश मंत्रालय द्वारा धनराशि प्राप्त होने के बाद, प्रेषण के प्रमाण और प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) की प्राप्ति से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन होने पर 70% भुगतान जारी करेगा।
- साइट पर सभी पुस्तकों की डिलीवरी के बाद और सीएडीएसी / एंड-यूज़र और गुयाना में भारतीय मिशन द्वारा सत्यापन पर विदेश मंत्रालय से धनराशि प्राप्त होने के बाद सी-डैक **30%** भुगतान जारी करेगा।

4. प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी):

इस निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक **IV** में प्रदान प्रारूप के अनुसार सी-डैक से आपूर्ति आदेश की प्राप्ति पर सफल बोलीदाता 30 दिनों के भीतर आदेश मूल्य के 10% के बराबर प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) प्रस्तुत करेगा।यह बैंक गारंटी परियोजना की अवधि से परे वितरण, संस्थापन और वारंटी सहित 6 महीने के लिए वैध रहेगी यानि सी-डैक को प्रस्तुत करने की तारीख से **12 (बारह)** महीने के लिए।

5. दस्तावेजों का परिवहन /प्रेषण:

खेप के प्रेषण की तैयारी के बाद सफल बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं:

I. चार्टर्ड इंजीनियर का प्रमाण पत्र

II. लदान के बिल / हवाई मार्ग का बिल (बुकिंग विवरण)

III. पैकिंग सूची

IV. बीमा पॉलिसी **(**इनवॉइस के **110%** मान के लिए सी-डैक के नाम पर)

V. चालान और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़

वास्तविक शिपमेंट केवल उपर्युक्त दस्तावेजों के आधार पर सी-डैक से सहमति मिलने के बाद ही किया जाना चाहिए।

6. विलंब सेवाओं के लिए जुर्माना

अनुसूचित वितरण / निष्पादन / सेवा / समर्थन / शिकायत संकल्प से अधिक विलंब का ऑर्डर मूल्य के अधिकतम 10% के अधीन सी-डैक प्रति सप्ताह ऑर्डर मूल्य के @1% दंड लगाने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

सी-डैक को ऑर्डर रद्द करने का अधिकार आरक्षित है यदि देरी 10 सप्ताह से अधिक है। पीबीजी को जमा न करने के मामले में दंड, अगर कोई सफल बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की गई या सीडीएसी के साथ आरक्षित बैलेंस भुगतान से प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) से पुनर्प्राप्त किया जाएगा।

सी-डैक जुर्माने और सुपुर्दगी आवश्यकताओं में शिथिलता करने पर उस हद तक विचार कर सकता हैं कि इस अनुबंध के तहत कार्य निष्पादन में विलंब या दायित्वों को पूरा करने में अन्य विफलता ओसी परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप हुई जिसके लिए बोलीदाता को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। आसी किसी शिथिलता के लिए दस्तावेजी सबूतों के साथ उचित औचित्य प्रस्तुत करते हुए बोलीदाता को सी-डैक से पूर्व लिखित अनुमति मांगी जानी चाहिए।

7. क्षेत्राधिकार:

विवाद**,** कानूनी मामलें**,** अदालत मामलें**,** यदि कोई हों तो, केवल दिल्ली के क्षेत्राधिकार के अधीन है।

8. अप्रत्याशित घटना:

इस दस्तावेज में किए गए विनिर्देश के अनुसार सी-डैक जुर्माने और सुपुर्दगी आवश्यकताओं की शिथिलता पर विचार कर सकता है, यदि और इस हद तक कि इस अनुबंध के तहत प्रदर्शन में देरी या अपने अन्य दायित्वों के प्रदर्शन में विफलता अप्रत्याशित घटनाओं के परिणाम स्वरूप है। अप्रत्याशित घटना को उन घटनाओं में परिभाषित किया गया है जिसके प्रभाव को युक्तिपूर्वक पूर्वानुमानित नहीं किया जा सकता जैसे ईश्वरीय कार्य(जैसे भूकंप**,** बाढ़**,** तूफान आदि), राज्यों के क्रियाकलाप**,** युद्ध के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष परिणाम(घोषित या अघोषित), शत्रुता**,** राष्ट्रीय आपात स्थिति**,** सिविल विद्रोह और सफल बोलीदाता के ओईएम परिसर में हड़ताल।

9. पंचाट:

आपूर्ति**,** प्रवर्तन**,** स्वीकृति**,** वारंटी रखरखाव आदि के मामले में किसी विवाद के उत्पन्न होने पर दोनों पक्षों को स्वीकार्य मध्यस्थता करने के लिए कोई भी पार्टी (ओईएम या बोलीदाता) 30 दिनों की लिखित नोटिस दे कर दूसरी पार्टी को विवाद की प्रकृति का उल्लेख करते हुए सूचित करेगा। खरीद समझौते में मध्यस्थता के स्थान का उल्लेख किया जाएगा। न्यायालय के अधिकार क्षेत्र खरीद समझौते में निर्दिष्ट किया जाएगा। मध्यस्थता कार्यवाहियों में पंचाट और सुलह अधिनियम 1996 और उसके तहत इसके अंतर्गत बनाए गए सभी/ संशोधित या आशोधित नियम लागू होंगे।

खंड **IV** का समापन

खंड V - आवश्यकताओं की अनुसूची (सामग्री का विपत्र)

A. COURSEWARE				
I. Diploma in Java Programming (DJP)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Fundamentals of Computers, 6th Edition	V. Rajaraman, N. Adabala / PHI Learning	10	9788120350670
2	Operating System Concepts, 9ed	Silberschatz/ Wiley India Pvt Ltd	10	9788126554270
3	Software Engineering, 7th Edition	Roger S. Pressman / Tata McGraw Hill	10	9789339212087
4	The C Programming Language 2e	W. Kernighan/Pearson Education	10	9789332549449
5	C++ Primer Plus, 6th Edition	Stephen Prata / Pearson Education	10	9789332546189
6	Fundamentals of Data Structures in C++, 2nd Edition	Ellis Horowitz, Sahni Sartaj, Dinesh Mehta / Orient Longman	10	9788173716065
7	Oracle Database 11G: The Complete Reference,1st Edition	Kevin Loney / Tata Mcgraw Hill	10	9780070140790
8	HTML5 covers CSS3, Java Script, XML, XHTML, Ajax, PHP and jQuery-Black Book 2/e	Kogent Learning Solutions Inc. / Dreamtech Press	10	9789351199076
9	Java - The Complete Reference, 9th Edition	Herbert Schildt / Tata Mcgraw Hill	10	9789339212094
10	Java Server Programming (J2EE 1.7) Black Book	Kogent Learning Solutions Inc. / Dreamtech Press	10	9789351194170
II. Diploma MS.NET Programming (MS.Net)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Fundamentals of Computers, 6th Edition	V. Rajaraman, N. Adabala / PHI Learning	10	9788120350670
2	Operating System Concepts, 9ed	Silberschatz/ Wiley India Pvt Ltd	10	9788126554270
3	Software Engineering, 7th Edition	Roger S. Pressman / Tata McGraw Hill	10	9789339212087
4	The C Programming Language 2e	W. Kernighan /Pearson Education	10	9789332549449
5	C++ Primer Plus, 6th Edition	Stephen Prata / Pearson Education	10	9789332546189
6	Fundamentals of Data Structures in C++, 2nd Edition	Ellis Horowitz, Sahni Sartaj, Dinesh Mehta / Orient Longman	10	9788173716065

7	Oracle Database 11G: The Complete Reference,1st Edition	Kevin Loney / Tata Mcgraw Hill	10	9780070140790
8	HTML5 covers CSS3, Java Script, XML, XHTML, Ajax, PHP and jQuery-Black Book 2/e	Kogent Learning Solutions Inc. / Dreamtech Press	10	9789351199076
9	ASP.Net 4.5 Covers C# and VB Codes: Black Book	Kogent Learning Solutions Inc. / Dreamtech Press	10	9789351190806
III. Diploma in Quality Assurance (DQA)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Fundamentals of Computers, 6th Edition	V. Rajaraman, N. Adabala / PHI Learning	10	9788120350670
2	Operating System Concepts, 9ed	Silberschatz/ Wiley India Pvt Ltd	10	9788126554270
3	The C Programming Language 2e	W. Kernighan /Pearson Education	10	9789332549449
4	C++ Primer Plus, 6th Edition	Stephen Prata / Pearson Education	10	9789332546189
5	Fundamentals of Data Structures in C++, 2nd Edition	Ellis Horowitz, Sahni Sartaj, Dinesh Mehta / Orient Longman	10	9788173716065
6	Oracle Database 11G: The Complete Reference,1st Edition	Kevin Loney / Tata Mcgraw Hill	10	9780070140790
7	HTML5 covers CSS3, Java Script, XML, XHTML, Ajax, PHP and jQuery-Black Book	Kogent Learning Solutions Inc. / Dreamtech Press	10	9789351199076
8	Software Engineering, 7th Edition	Roger S. Pressman / Tata McGraw Hill	10	9789339212087

	Software Quality Assurance : From Theory to Implementation, 2004 Printing	Galin / Pearson Education	10	9788131723951
10	Software Testing: Principles, Techniques and Tools, 1st Edition	M G Limaye / Tata McGraw Hill	10	9780070139909
IV. Diploma in Business Computing (DBC)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Computer Fundamentals (With CD)	Pradeep Sinha, Priti Sinha / BPB	10	9788176567527
2	Fundamentals of Software Engineering 4th ed	Rajib Mall / PHI Learning	10	9788120348981
3	Programming in ANSI C 7th ed.	E. Balaguruswamy / TMH	10	9789339219666
4	Thinking in C++ : Introduction to Standard C++ Vol - 1	Bruce Eckel / Pearson	10	9788131706619
5	Microsoft Office 2013 Bible: The Comprehensive Tutorial Resource	Bucki,Walkenbach / Wiley	10	9788126543625
6	Oracle Database 11g The Complete Reference	Kevin Loney / TMH	10	9780070140790
7	Web Technologies HTML, Javascript, PHP, Java, JSP,ASP.NET, XML and AJAX Black Book	Kogent / DreamTech	10	9788177229974
8	Visual Basic .NET Programming: Black Book (With CD)	Steven Holzner / WIley	10	9788177226096
V. Diploma in Network Security and Ethical Hacking (DNSEH)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Fundamentals Of Computer Networks	Sudakshina Kundu / PHI Learning Private Limited	10	9788120334526
2	Network Security Essentials : Applications and Standards 4/e	William Stallings / Pearson	10	9788131761755
3	ITIL Intermediate Certification Companion Study Guide	Helen Morris & Liz Gallacher/ Sybex (Wiley)	10	9788126562466
4	Think Python 2/e	Allen B. Downey/Shroff Publisher	10	9789352134755
5	Virtual Reality Technology	Grigore C. Burdea & Phillippe Coiffet/ Wiley	10	9788126507894
6	Gray Hat Hacking: The Ethical Hackers Handbook	Shon Harris / TMH	10	9780071077316
VI. Diploma in Android Programming (DAP)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	C++ Primer	Stephen Prata / Pearson	10	9789332546189
2	Fundamentals of Data Structure In C++	Horowitz, Sahni Sartaj / Orient Longman	10	9788173716065
3	Beginning Linux Programming	Richard, Neil / Wiley	10	9788126515714
4	Operating System Concepts, 9ed	Silberschatz/ Wiley India Pvt Ltd	10	9788126554270
5	Java - The Complete Reference, 9th Edition	Herbert Schildt/TMH	10	9789339212094
6	Mobile and Wireless Design Essentials	Martyn Mallick / Wiley	10	9788126503544
7	Fundamentals of Software Engineering 4th ed.	Rajib Mall / PHI Learning	10	9788120348981
8	Oracle Database 11g The Complete Reference	Kevin Loney / TMH	10	9780070140790
9	Android Application Development	Rick Rogers / Oreilly	10	9788184047332
VII. Diploma in Web Technologies (DWT)				
S. No.	**Title**	**Author/ Publication**	**Qty**	**ISBN No.**
1	Software Engineering: A Practitioners Approach	Roger S. Pressman / McGraw-Hill	10	9789339212087

	HTML5 covers CSS3, Java Script, XML, XHTML, Ajax, PHP and jQuery-Black Book 2nd ed.	Kogent Learning/Dreamtech Press	10	9789351199076
